मुक नं. 72/17
14.12.17

न्यायालय उप खण्ड अधिकारी करौली

प्रार्थना पत्र नक्शा शीट मे तरमीम करने बाबत

14.12.2017

यह प्रार्थना पत्र तहसीलदार करौली ने अपने पत्र क्रमाक/एल. आर/17/4713 दिनांक 24.11.2017 से इस आशय का प्रस्तुत किया है। कि प्रार्थना पत्र श्रीफूसी माली पर पटवारी रिपोर्ट के आधार पर खसरा नम्बर 1245/9805 जमाबंदी मे दर्ज है। परन्तु पटवारी के पास नक्शा लठ्ठा शीट मे उक्त खसरा नम्बर 1245/9805 की तरमीम नही हो रही है खसरा नम्बर 1245 का मौके पर रकवा 1 वीधा 3 विस्वा मौजूद है जमाबंदी के अनुसार उक्त खसरा नम्बर 1246 का रकवा 19 विस्वा बजंड दर्ज प्रस्तावित नक्शा संलग्न प्रार्थना पत्र है। अन्त मे खसरा नम्बर 1246 मे से 4 विस्वा रकवा कम करके खसरा नम्बर 1245/9805 रकवा 4 विस्वा की तरमीम खसरा नम्बर 1245 के लगते ही किये जाने की अभिशंषा की है। पत्र के साथ प्रस्तुत प्रस्तावित नक्शा शीट व फर्द मौका पर्चा व खसरा नम्बर 1245/9805 की जमाबंदी सम्बत 2072 से 75 का अवलोकन किया गया। प्रस्तुत प्रस्तावित नक्शा शीट व मौका पर्चा से खसरा नम्बर 1245/9805 की तरमीम नक्शा शीट मे अंकित नही है। जिसकी तरमीम नक्शा शीट मे किया जाना उचित प्रतीत होता है।

अतः प्रार्थना पत्र प्रार्थी फूसी माली स्वीकार किया जाकर खसरा नम्बर 1245/9805 रकवा 4 विस्वा कस्वा करौली पटवार नम्बर 8 की तरमीम राजस्व नक्शा शीट मे प्रस्तावित नक्शा शीट दिनांक 12.11.2017 व पर्चा मौका दिनांक 22.11.2017 के अनुसार किये जाने के तहसीलदार करौली को आदेश दिया जाता है। तहसीलदार करौली आदेश की प्रति के साथ तहरीर पालना के लिए भिजवाई जावे। आदेश लिखाया जाकर सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
करौली

873
19.12.17